# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जुलाई भाग-2 2022

Drishti IAS

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

1. सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. बिल्ड-ओन-ऑपरेट-ट्रांसफर (BOOT) मॉडल निजी पार्टियों को बातचीत की शर्तों के अनुसार स्वामित्व अधिकार प्रदान करता है।
   2. स्विस चैलेंज मॉडल में सार्वजनिक प्राधिकरण अवांछित बोली प्राप्त करता है और तीसरे पक्ष को इसका मिलान करने के लिये आमंत्रित करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1

   B. केवल 2

   C. 1 और 2 दोनों

   D. न तो 1 और न ही 2

2. हाल ही में खबरों में रहा बीड मॉडल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

   A. एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल

   B. एक फसल बीमा मॉडल

   C. जीवन बीमा पहुँच में वृद्धि के लिये एक जीवन बीमा मॉडल

   D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं।

3. सोडियम आयन बैटरी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वे ऊर्जा सघन, गैर-ज्वलनशील हैं, और ठंडे तापमान में अच्छी तरह से काम करते हैं।
   2. लिथियम समकक्षों की तुलना में इसका उत्पादन सस्ता है।
   3. लिथियम-आयन बैटरी की तुलना में इनमें आग लगने की संभावना अधिक होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2

   B. केवल 2 और 3

   C. केवल 1 और 3

   D. 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   1. प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट्स में सात स्टील्थ फ्रिगेट्स का निर्माण शामिल है जिन्हें रडार या सोनार तकनीक द्वारा पता लगाना मुश्किल होगा।
   2. Y-3023 दूनागिरि प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट का हिस्सा है।
   3. Y-3023 दूनागिरि मिसाइल की सुपरसोनिक गति के कारण ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ले जाने में सक्षम नहीं है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1 और 2

   B. केवल 2 और 3

   C. केवल 1 और 3

   D. 1, 2 और 3

नोट :

5. 'NIRF रैंकिंग 2022' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF), 2022 शुरू किया गया था।
2. NIRF रैंकिंग 2022 देश में केवल उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) की रैंकिंग करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. हाल ही में समाचारों में रहा किल स्विच किससे संबंधित है?

A. यह किसी डिवाइस या प्रोग्राम को बंद या अक्षम करने के लिये उपयोग किया जाने वाला एक तंत्र है।
B. यह एंटीबायोटिक प्रतिरोध का मुकाबला करने के लिये सुझाया गया एक तंत्र है।
C. यह तालिबान द्वारा काबुल पर कब्ज्ाा करने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली युद्ध रणनीति है।
D. यह एक टक्कर रोधी उपकरण है जिसका उपयोग कार दुर्घटनाओं को रोकने के लिये किया जाता है।

7. निम्नलिखित में से कौन भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार के घटक हैं?

1. विदेशी मुद्रा संपत्ति
2. स्वर्ण भंडार
3. विशेष आहरण अधिकार
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित निधि
5. बाहरी वाणिज्यिक उधार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2, 3 और 4
D. केवल 2, 3, 4 और 5

8. भारत के प्रतिरक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिशन इंद्रधनुष (MI) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक टीकाकरण कार्यक्रम है।
2. MI खसरा, रूबेला और हेपेटाइटिस बी रोगों के खिलाफ टीके प्रदान करता है।
3. सघन मिशन इंद्रधनुष (IMI) 4.0 की शुरुआत फरवरी 2022 में टीकाकरण से चूक गए प्रत्येक गर्भवती महिला और बच्चे का टीकाकरण करने के लिये की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

9. 'परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1974 में भारत के परमाणु परीक्षण के प्रतिक्रियास्वरूप किया गया था।
2. यह समूह परमाणु हथियार संपन्न देशों का एक संगठन है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के प्रसार को बढ़ाना है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

10. सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसे नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह विश्व स्तर पर सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम है।
3. यह कोविड -19 वायरस सहित 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण प्रदान करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

11. डिजी यात्रा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हवाई अड्डों पर यात्रियों के डिजिटल प्रक्रिया के लिये नागरिक उड्डयन मंत्रालय की परियोजना है।
2. यह 4 प्रमुख स्तंभों पर बनाया गया है- कनेक्टेड पैसेंजर्स, कनेक्टेड एयरपोर्ट्स, कनेक्टेड फ्लाइंग और कनेक्टेड सिस्टम।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12. भारत में वनाग्नि की घटनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछले दो दशकों में वनाग्नि में दस गुना वृद्धि हुई है।
2. पिछले दो दशकों में मिज़ोरम में वनाग्नि की सबसे अधिक घटनाएँ हुई हैं।
3. जलवायु में तेज़ी से बदलाव के कारण आंध्र प्रदेश, असम और महाराष्ट्र उच्च तीव्रता वाले वनाग्नि की घटनाओं के लिये सबसे अधिक प्रवण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

13. इको-सेंसिटिव ज़ोन (ESZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 में "इको-सेंसिटिव ज़ोन" शब्द का उल्लेख किया गया है।
2. ESZ संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के चारों ओर एक समान शॉक एब्जॉर्बर क्षेत्र हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. संघाई सहयोग संगठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. वाराणसी को SCO क्षेत्रों के पहले पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी 2022-23 के रूप में चुना गया है।

2. तुर्कमेनिस्तान SCO का सदस्य राज्य है।

3. इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और सद्भाव को बढ़ावा देना एवं इन्हें मज़बूत करना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. केवल 1 और 3

15. . 'जागृति शुभंकर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना है।

2. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. . पाइथागोरस के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. वह एक फ्राँसीसी दार्शनिक थे।

2. उनका प्रमेय गणित से संबंधित था।

3. उन्होंने इटली में गुप्त समाज की स्थापना की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

17. . निम्नलिखित में से कौन-से रिवर्स करेंसी वॉर के परिणाम हैं ?

1. निर्यात अधिक प्रतिस्पर्द्धी।

2. आयात महंगा।

3. ब्याज़ दरों में वृद्धि।

4. अन्य देशों की मुद्रा के मुकाबले डॉलर की मज़बूती।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 3 और 4

C. केवल 2, 3 और 4

D. केवल 3 और 4

18. . iDEX के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसका उद्देश्य उद्योगों को शामिल करके आत्मनिर्भरता प्राप्त करना और रक्षा एवं एयरोस्पेस में नवाचार तथा प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना है।
2. इस पहल के तहत उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2 (C) के तहत अधिसूचित समुदायों को ही अल्पसंख्यक माना जाता है।
2. धार्मिक और भाषायी समुदायों की अल्पसंख्यक स्थिति राज्य पर निर्भर है।
3. अनुच्छेद 350-B भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त भाषायी अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. केवल 1, 2 और 3

20.. "ज़मानत बॉण्ड" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बीमा कंपनी द्वारा ठेकेदार की ओर से उस संस्था को ज़मानती बॉण्ड प्रदान किया जाता है जो परियोजना शुरू कर रही है।
2. इसमें केवल मुख्य पक्ष और ओब्लिगी के बीच दो-पक्षीय समझौता शामिल है।

उपर्युक्त कथनों से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. : GOAL कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GOAL का पूरा नाम "गोइंग ऑनलाइन एज़ लीडर्स" है।
2. इसका उद्देश्य प्रशिक्षक और प्रशिक्षु की अवधारणा के माध्यम से आदिवासी युवाओं और महिलाओं का डिजिटल सशक्तीकरण करना है।
3. यह कार्यक्रम पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित है।
4. इस कार्यक्रम का दूसरा चरण आदिवासी समुदायों के सभी लोगों के लिये खुला रहेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. 1, 2 और 3

B. 1, 3 और 4

C. 1, 2 और 4

D. 2, 3 और 4

22. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. MSP की गणना के लिये C2+50 सूत्र रंगराजन समिति द्वारा दिया गया है।

2. C2 फसल के आर्थिक मूल्य की कुल लागत का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें परिवार के सदस्यों के खेत, किराए और अन्य संपत्तियों पर काम करने के प्रयास शामिल हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

23. शरणार्थी और प्रवासियों के स्वास्थ्य पर विश्व रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की जाती है?

A. विश्व आर्थिक मंच

B. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग

C. विश्व बैंक

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन

24. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने विकास परियोजनाओं को श्रेणी A और श्रेणी B में वर्गीकृत किया है।

2. श्रेणी A की परियोजनाओं का मूल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) द्वारा किया जाता है।

3. भारत में पर्यावरण प्रभाव आकलन, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम,1986 द्वारा वैधानिक रूप से समर्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

25. डिजिटल बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में परिभाषित किया जाएगा।

2. इसका अपना तुलन-पत्र और कानूनी अस्तित्व होगा।

3. यह मौजूदा वाणिज्यिक बैंकों के समान विवेकपूर्ण और चलनिधि मानदंडों के अधीन नहीं होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. उपरोक्त सभी

नोट :

26. . भारत और मालदीव दोनों निम्नलिखित में से किस समूह के सदस्य हैं?

1. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ
2. शंघाई सहयोग संगठन
3. कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन
4. दक्षिण एशिया उपक्षेत्रीय आर्थिक सहयोग

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. केवल 3 और 4

27. . भारत नवाचार सूचकांक रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इसे जारी किया है।
2. मणिपुर पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों में अग्रणी राज्य है।
3. कर्नाटक सूचकांक में सबसे ऊपर है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

28. 'वामपंथी उग्रवाद (LWE)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वामपंथी उग्रवाद का मूल उद्देश्य हिंसक क्रांति के माध्यम से परिवर्तन लाना था।
2. समाधान (SAMADHAN) सिद्धांत रक्षा मंत्रालय द्वारा वामपंथी उग्रवाद की समस्या का एकमात्र समाधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. विंडफॉल टैक्स एक ऐसा टैक्स है जो कंपनियों पर तब लगाया जाता है जब उनका मुनाफा औसत से कम हो जाता है।
2. वैश्विक मंदी की आशंकाओं का मुकाबला करने के लिये सरकार द्वारा पेट्रोल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स हटा दिया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

30. किस केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को "क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस" कहा जाता है?

A. केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल

B. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

C. सीमा सुरक्षा बल

D. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

31.. अरावली रेंज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन तब हुआ था जब पूर्व-भारतीय उपमहाद्वीप मुख्य भूमि यूरेशियन प्लेट से टकराया था।
2. माउंट आबू पर गुरु शिखर अरावली रेंज की सबसे ऊँची चोटी है।
3. अरावली का अदृश्य भाग गंगा और सिंधु नदियों के जल निकासी के बीच विभाजन बनाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

32. हट्टी समुदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं।
2. वे खुंबली नामक एक पारंपरिक परिषद द्वारा शासित होते हैं।
3. वे वर्ष 1967 से अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

33. भारत के निम्नलिखित पूर्व राष्ट्रपतियों पर विचार कीजिये:

1. डॉ राजेंद्र प्रसाद
2. श्री के.आर. नारायणन
3. श्री वी. वी. गिरि
4. ज्ञानी जैल सिंह

उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के संदर्भ में उन्हें कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये।

A. 1-2-3-4

B. 1-2-4-3

C. 1-3-4-2

D. 1-3-2-4

34. एंटीबायोटिक्स की प्रभावशीलता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मौजूदा एंटीबायोटिक दवाओं की प्रभावकारिता को अधिक सक्रिय बनाने के लिय वैज्ञानिक एंटीबायोटिक एडजुवेंट्स के संयोजन में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग कर रहे हैं।
2. बैक्टीरिया की चयापचय गतिविधि को बदलकर एंटीबायोटिक प्रभावकारिता को बढ़ाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. फार्मास्युटिकल उद्योग को सुदृढ़ बनाने की योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. इस योजना के तहत फार्मा क्लस्टर्स के लिये सामान्य सुविधाओं के रूप में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) का निर्माण करने का प्रस्ताव है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. ऑप्टिकल फाइबर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डेटा पतले फाइबर के लंबे स्ट्रैंड के माध्यम से यात्रा करने वाले प्रकाश-स्पंदों (Light Pulses) द्वारा प्रेषित होता है।
2. ऑप्टिकल फाइबर संचार में संचरण के लिये धातु के तारों को प्राथमिकता नहीं दी जाती है।
3. ऑप्टिकल फाइबर पूर्ण आंतरिक परावर्तन (TIR) के सिद्धांत पर काम करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित में से कौन फाइबरीकरण का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. ऑप्टिकल फाइबर केबल के माध्यम से रेडियो टॉवरों को एक-दूसरे से जोड़ना।

B. पुनरावर्तकों की आवश्यकता को कम करने के लिये ऑप्टिकल प्रवर्द्धन।

C. डेटा क्षमता बढ़ाने के लिये वेवलेंथ-डिवीज़न मल्टीप्लेक्सिंग (WDM)।

D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

38. गर्भ का चिकित्सकीय समापन (MTP) (संशोधन) अधिनियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है /हैं?

1. इसमें 20 सप्ताह तक के गर्भधारण के लिये एक डॉक्टर की सलाह के आधार पर गर्भपात की अनुमति देने के लिये बदलाव किया गया है।
2. 20 से 24 सप्ताह के बीच यौन उत्पीड़न या बलात्कार या गर्भधारण के लिये अनाचार से पीड़ित महिला इस अधिनियम के तहत गर्भ के चिकित्सकीय समापन की मांग करने के पात्र हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1 और 2 दोनों

B. केवल 1

C. केवल 2

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

39. मंकीपॉक्स रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चेचक के समान लक्षणों के साथ एक वायरल ज़ूनोटिक बीमारी है।
2. इसे हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में घोषित किया गया है
3. इस संक्रमण के लिये कोई विशिष्ट उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

40.. 'मात्स्यिकी सब्सिडी पर समझौता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. समझौते में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने हेतु सब्सिडी कार्यक्रम शामिल किया गया था।
2. इस समझौते में विशेष और विभेदक उपचार (एस एंड डीटी) लागू नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. हिमालयी अध्ययन पर राष्ट्रीय मिशन (NMHS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के हिमालयी क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत् प्रबंधन के उद्देश्य से एक केंद्रीय क्षेत्र अनुदान सहायता योजना है।
2. यह मिशन विशेष रूप से भारतीय हिमालयी क्षेत्र को लक्षित करता है, जिसमें 10 हिमालयी राज्य शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. "स्वनिधि योजना" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने के लिये शुरू की गई थी।
2. इसे आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. . ब्लू डॉट पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विशेष रूप से अटलांटिक क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेगी।
2. यह बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये कम ब्याज़ दर पर सार्वजनिक धन या ऋण की पेशकश करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44.. 'जलवायु वित्तपोषण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने वाले शमन और अनुकूलन कार्यों का समर्थन करना चाहता है।

2. जलवायु वित्त सामान्य लेकिन विभेदित उत्तरदायित्व और संबंधित क्षमताओं का समर्थन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. . निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. शील्ड ज्वालामुखी कम श्यानता और बहता हुआ लावा उत्पन्न करता है।

2. मौना केआ और मौना लोआ एक तरह के शील्ड ज्वालामुखी हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. वाक्यांश 'कंगारू कोर्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उपयोग न्यायिक प्रणाली के खिलाफ किया जाता है जहाँ आरोपी के खिलाफ निर्णय आमतौर पर पूर्व निर्धारित होता है।

2. यह स्व-गठित या छद्म न्यायालय है जिसे निर्णय देने के उद्देश्य से पूर्वनियोजित किये बिना स्थापित किया गया है।

3. यह पहली बार वर्ष1849 में ऑस्ट्रेलिया में दर्ज किया गया था।

उपर्युक्त कथन में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

47. "रामसर कन्वेंशन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वर्ष 1971 में यूनेस्को द्वारा स्थापित एक अंतर-सरकारी पर्यावरण संधि है।

2. पश्चिम बंगाल में सुंदरबन भारत का सबसे बड़ा रामसर स्थल है।

3. किसी अन्य दक्षिण एशियाई देश की तुलना में भारत में रामसर स्थलों की संख्या सर्वाधिक है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. उपरोक्त सभी

48. 'बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS)' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) मूल रूप से केंद्रीय बैंकों के बैंक के रूप में कार्य कर रहा है।
2. बैंक पर्यवेक्षण पर बेसल समिति (बीसीबीएस) अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक के भीतर एक समिति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

49. . निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (DTAB) औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत गठित एक सांविधिक निकाय है।
2. DTAB का कार्य दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों से संबंधित तकनीकी मामलों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार को सलाह देना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

50. : स्वदेश दर्शन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राज्य और केंद्र सरकारों के बीच फंड-शेयरिंग 50-50% है।
2. यह स्थानीय समुदायों के बीच पर्यटन के महत्त्व के बारे में जागरूकता पैदा करती है।
3. इसे थीम आधारित पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास हेतु लागू किया जाएगा।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

51. पारिवार न्यायालयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परिवार न्यायालयों की स्थापना के लिये परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 अधिनियमित किया गया था।
2. राज्य सरकार, उच्च न्यायालय की सहमति से एक या एक से अधिक व्यक्तियों को परिवार न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'भारत निर्वाचन आयोग' (ECI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और यह ECI की स्थापना का प्रावधान करता है।
2. संसद को चुनाव आयुक्तों (ECs) की नियुक्ति के संबंध में कानून बनाने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्थानीय निकायों के माध्यम से अपने राज्य में इन नियमों को लागू करेगा।
2. नगरीय ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) प्रसंस्करण सुविधा की स्थापना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के आधार पर की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

54. 'निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना योजना (TIES)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा निर्यात योजना के लिये व्यापार बुनियादी ढाँचा शुरू किया गया था।
2. केंद्र सरकार सहायता अनुदान प्रदान करके बुनियादी ढाँचे के निर्माण में मदद करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55. हेपेटाइटिस रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हेपेटाइटिस A और E स्व-सीमित रोग हैं।
2. सिरोसिस और लीवर कैंसर हेपेटाइटिस B और C वायरस के कारण होता है।
3. भारत में हेपेटाइटिस B कुल वैश्विक मामलों का लगभग 11% हिस्सा है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

नोट :

56. स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया में अपनी तरह का पहला और सबसे लंबे समय तक चलने वाला तटीय सफाई अभियान है।
2. इसका समापन 'अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस' पर होगा।
3. अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये एक मोबाइल एप 'इको मित्रम' लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. उपरोक्त सभी

57. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. सागरमाला परियोजना
2. ओ-स्मार्ट
3. राष्ट्रीय मात्स्यिकी नीति

उपर्युक्त में से कौन सी पहल भारत की ब्लू इकॉनमी का हिस्सा है?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

58. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2015-16 और 2019-20 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर कुल प्रजनन दर (TFR) 2.2 से घटकर 2.0 हो गई है।
2. अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) सर्वेक्षण के लिये समन्वय और मार्गदर्शन प्रदान करने वाली नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कॉफी की खेती के लिये 15°C से 28°C के बीच तापमान की आवश्यकता होती है।
2. असम भारत में सर्वाधिक कॉफी उत्पादक राज्य है।
3. अरेबिका और रोबस्टा भारत में उत्पादित दो प्रकार की कॉफी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

60. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. बॉडी मास इंडेक्स को मीटर में ऊँचाई द्वारा किलोग्राम में वज़न को विभाजित करके मापा जाता है।
2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत में कुपोषण को रोकने के लिये लक्ष्य निर्धारित किये हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

61. गूगल स्ट्रीट व्यू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गूगल स्ट्रीट व्यू, शहर की सड़कों पर घूमने वाले डेटा संग्राहकों द्वारा वाहनों या बैकपैक्स पर लगे विशेष कैमरों का उपयोग करके कैप्चर किये गए स्थान का 360-डिग्री दृश्य है।
2. यह एप का उपयोग करके या वेब व्यूअर के रूप में एंड्रॉइड और आईओएस पर देखने के लिये उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी के पास राज्यसभा की प्रक्रिया के सामान्य नियमों के नियम 255 के अनुसार किसी सदस्य को निलंबित करने का अधिकार होता है।
2. संविधान के अनुच्छेद 122 के तहत संसदीय कार्यवाही पर अदालत के समक्ष सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. कोयला
2. प्राकृतिक गैस
3. इस्पात
4. कपड़ा
5. सीमेंट

उपर्युक्त उद्योगों में से कौन भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों का गठन करते हैं?

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 3, 4 और 5

C. केवल 1, 2, 3 और 5

D. 1, 2, 3, 4 और 5

नोट :

64. अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विस्तार है।
2. यह चीन को अफ्रीकी देशों से जोड़ता है।
3. ईरान इस परियोजना का हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में निकाले गए भूजल का 89% सिंचाई क्षेत्र में उपयोग किया जाता है।
2. जल केंद्रीय सूची में है।
3. देश में भूजल विकास के विनियमन से संबंधित कार्यकलापों की देखरेख केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण (CGWA) द्वारा की जा रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

---

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: C

व्याख्या:

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी:

- PPP सार्वजनिक संपत्ति और/या सार्वजनिक सेवाओं के प्रावधान के लिये सरकारी एवं निजी क्षेत्र के बीच एक व्यवस्था है।
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी बड़े पैमाने पर सरकारी परियोजनाओं, जैसे- सड़कों, पुलो। अस्पतालों को निजी वित्तपोषण के साथ पूरा करने की अनुमति देती है।
- इस प्रकार की साझेदारी में निजी क्षेत्र की संस्था द्वारा एक निर्दिष्ट अवधि के लिये निवेश किया जाता है।
- समय पर एवं बजट के भीतर काम पूरा करने के लिये निजी क्षेत्र की प्रौद्योगिकी और नवाचार के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रोत्साहन के संयोजन से इस साझेदारी को सुनिश्चित किया जा सकता है।

### निर्माण-परिचालन-हस्तांतरण (BOT) मॉडल:

- BOT मॉडल के तहत निजी साझेदार को निर्दिष्ट अवधि (20 या 30 वर्ष की रियायत अवधि) के लिये एक परियोजना के वित्तीयन, निर्माण और संचालन के लिये रियायत दी जाती है, जिसमें निजी साझेदार उपयोगकर्त्ता शुल्क या सुविधा का उपयोग करने वाले ग्राहकों से टोल के माध्यम से निवेश की भरपाई करता है और इस प्रकार एक निश्चित मात्रा में वित्तीय जोखिम उठाता है।
- BOT एक निजी-सार्वजनिक भागीदारी (Public Private Partnership) मॉडल है जिसके अंतर्गत निजी साझेदार पर अनुबंधित अवधि के दौरान ढाँचागत परियोजना के डिज़ाइन, निर्माण एवं परिचालन की पूरी ज़िम्मेदारी होती है।
- निजी क्षेत्र के भागीदार को परियोजना के लिये वित्तीयन के साथ ही इसके निर्माण और रखखाव की ज़िम्मेदारी लेनी होती है।

### बिल्ड-ओन-ऑपरेट-ट्रांसफर (BOOT):

- इसमें निर्माण, परिचालक, परिचालन और हस्तांतरण जैसे चार प्रावधान हैं।
- BOT के इस प्रकार में समय की बातचीत के बाद परियोजना को सरकार या निजी परिचालक को स्थानांतरित कर दिया जाता है।
- राज्य की ओर से दी जाने वाली रियायत, रियायतग्राही को उन संपत्तियों का स्वामित्व या कम से कम अधिकार प्रदान करती है, जिन्हें निर्मित किया जाना है और उन्हें कुछ समय के लिये संचालित करना है: रियायत की समयसीमा। राज्य और रियायतग्राही के बीच रियायत समझौता यह परिभाषित करेगा कि किस हद तक स्वामित्व, और संपत्ति के कब्जे और नियंत्रण के संबंधित गुण, रियायतग्राही के पास हैं।अत: कथन 1 सही है।

### स्विस चैलेंज:

- स्विस चैलेंज पद्धति बोली लगाने का एक तरीका है, जिसे अक्सर सार्वजनिक परियोजनाओं में उपयोग किया जाता है, जिसमें इच्छुक पार्टी अनुबंध के लिये प्रस्ताव या परियोजना हेतु बोली शुरू करती है।
- सरकार तब परियोजना का विवरण जनता के सामने रखती है और इसे क्रियान्वित करने में रुचि रखने वाले अन्य लोगों से प्रस्ताव आमंत्रित करती है।
- इन बोलियों की प्राप्ति पर मूल प्रस्तावक को सर्वोत्तम बोली के मिलान का अवसर मिलता है। यदि मूल प्रस्तावक बोली से मेल नहीं खाता है, तो परियोजना सर्वोत्तम बोली लगाने वाले प्रस्तावक को प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

2. उत्तर: B

व्याख्या:

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बीड मॉडल:

- हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के 'बीड मॉडल' के राज्यव्यापी कार्यान्वयन के लिये कहा। अत: विकल्प B सही है।

### बीड मॉडल:

- बीड महाराष्ट्र का एक ज़िला है जो सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित है।
- 80-110 फॉर्मूला: इस मॉडल को 80-110 फॉर्मूला भी कहा जाता है।
- बीमा फर्म को सकल प्रीमियम के 110 प्रतिशत से अधिक के दावों पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है। बीमाकर्त्ता को नुकसान (पूल राशि) से बचाने के लिये एकत्र किये गए प्रीमियम के 110 प्रतिशत से अधिक मुआवज़े की लागत राज्य सरकार को वहन करनी होगी।
  - हालाँकि यदि मुआवज़ा एकत्र किये गए प्रीमियम से कम है तो बीमा कंपनी राशि का 20% हैंडलिंग शुल्क के रूप में रखेगी और शेष राशि की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार (प्रीमियम अधिशेष) करेगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, 2016:

- यह योजना किसानों को फसल की विफलता (खराब होने) की स्थिति में एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करती है।
- दायरा (Scope): वे सभी खाद्य और तिलहनी फसलें तथा वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसलें, जिनके लिये पिछली उपज के आँकड़े उपलब्ध हैं।
- बीमा किस्त: इस योजना के तहत किसानों द्वारा दी जाने वाली निर्धारित बीमा किस्त/प्रीमियम-खरीफ की सभी फसलों के लिये 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% है। वार्षिक वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के मामले में बीमा किस्त 5% है।

3. उत्तर: A

व्याख्या:

सोडियम आयन बैटरी:

- यह रिचार्जेबल बैटरी है जिसे बैटरी की चार्जिंग और डिस्चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रोड के बीच सोडियम आयन संचलन की आवश्यकता होती है तथा इन बैटरियों में सोडियम कैथोड के रूप में कार्य करता है।

नोट :

- लिथियम समकक्षों की तुलना में इसका उत्पादन करना सस्ता है क्योंकि इन्हें बनाने के लिये आवश्यक कच्चे माल की प्रचुरता है। अत: कथन 2 सही है।
  - वे ऊर्जा सघन, ज्वलनशील और ठंडे तापमान में अच्छी तरह से काम करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - इसके अलावा वे प्रति यूनिट वज़न में अधिक ऊर्जा स्टोर कर सकते हैं, यह उन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे बड़े अनुप्रयोगों के लिये उपयुक्त बनाता है।
  - इसमें बैटरी के गर्म होने की संभावना कम होती है, जबकि लिथियम-आयन बैटरी में आग लग सकती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

4. उत्तर: A

व्याख्या:

- प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट्स की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता जहाज़ के प्रोपेलर, ऑपरेटिंग मशीनरी जैसे डीज़ल जेनरेटर आदि से निकलने वाला कम ध्वनिक शोर है, यह अन्य जहाज़ों पर सोनार की उपस्थिति का पता लगाने में सहायता करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - P-17A की मुख्य उन्नत स्टील्थ विशेषताएँ विशेष संरचना और आकार के उपयोग के माध्यम से जहाज़ के छोटे रडार क्रॉस-सेक्शन से संबंधित हैं जो रडार तरंग परावर्तन को कम करता है।
- परियोजना 17A के तहत जहाज़:
  - आईएनएस नीलगिरि
  - आईएनएस हिमगिरि
  - आईएनएस उदयगिरि
  - आईएनएस दूनागिरि, अत: कथन 2 सही है।
- पी-17A जहाज़ों के मुख्य हथियार और सेंसर सूट में ब्रह्मोस SSM, LRSAM (फॉरवर्ड एंड आफ्ट कॉन्फिगरेशन) के साथ MF स्टार रडार, स्वदेशी सोनार तथा ट्रिपल ट्यूब हैवी टॉरपीडो लॉन्चर शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

5. उत्तर: C

व्याख्या:

- शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF), 2022 का सातवाँ संस्करण प्रकाशित किया है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2018 से सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के लिये NIRF में भाग लेना अनिवार्य कर दिया गया था।
- यह देश में उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) को रैंक प्रदान करने के लिये भारत सरकार का पहला प्रयास है। अत: कथन 2 सही है।
- कुल 11 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को सूचीबद्ध किया गया है- समग्र राष्ट्रीय रैंकिंग, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, कॉलेज, चिकित्सा, प्रबंधन, फार्मेसी, विधि, वास्तुकला, दंत चिकित्सा और अनुसंधान।

6. उत्तर: A

व्याख्या:

किल स्विच:

- हाल ही में 'उबर फाइल्स' से पता चलता है कि कंपनी ने संवेदनशील डेटा को नष्ट करने के लिये कथित तौर पर किल स्विच तैनात किये थे, जिन्हें पुलिस और अधिकारियों द्वारा वैध रूप से एक्सेस किया जा सकता था।
- किल स्विच एक ऐसा तंत्र है जिसका उपयोग किसी डिवाइस या प्रोग्राम को बंद या अक्षम करने के लिये किया जाता है। अत: विकल्प A सही है।
- विनिर्माण क्षेत्र में उन्हें असेंबली लाइनों में क्षति को रोकने या किसी श्रमिक के जीवन को बचाने के लिये संचालन/ऑपरेशन पर अंकुश लगाने के लिये तैनात किया जाता है।
- ये डिजिटल दुनिया में एक समान उद्देश्य की पूर्ति करते हैं लेकिन हार्डवेयर के बजाय अधिकांशत: सॉफ्टवेयर आधारित होते हैं।
- किल स्विच का उद्देश्य आमतौर पर किसी मशीन या डेटा की चोरी को रोकना या किसी आपात स्थिति में मशीनरी को बंद करना होता है।

7. उत्तर:C

व्याख्या:

- विदेशी मुद्रा भंडार का आशय केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा में आरक्षित संपत्ति से है, जिसमें बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल होती हैं। गौरतलब है कि अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार अमेरिकी डॉलर में आरक्षित किये जाते हैं।
- घटक:
  - विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति (FCA): FCA में ऐसी परिसंपत्तियाँ शामिल हैं जिनका मूल्य देश की अपनी मुद्रा के अलावा किसी अन्य मुद्रा के आधार पर किया जाता है। FCA विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है। इसे डॉलर के रूप में व्यक्त किया जाता है। FCA में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की वृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल है।
  - स्वर्ण भंडार: स्वर्ण भंडार एक सरकार या बैंक द्वारा रखे गए स्वर्ण, बुलियन या सिक्कों का एक कोष है।
  - विशेष आहरण अधिकार (SDR): SDR एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है, जिसे IMF द्वारा वर्ष 1969 में अपने सदस्य देशों के आधिकारिक भंडार के पूरक के लिये बनाया गया था। SDR न तो मुद्रा है और न ही IMF पर दावा बल्कि यह IMF सदस्यों की स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इन मुद्राओं के लिये SDR का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
  - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित निधि (IMF): एक आरक्षित निधि का तात्पर्य मुद्रा के आवश्यक कोटा के एक हिस्से से है जिसे प्रत्येक सदस्य देश को IMF को प्रदान करना होता है, जिसका उपयोग सदस्य देशों द्वारा अपने स्वयं के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया जा सकता है। आरक्षित निधि मूल रूप से एक आपातकालीन खाता है जिसे IMF सदस्य किसी भी समय शर्तों से सहमत हुए या सेवा शुल्क का भुगतान किये बिना प्राप्त कर सकते हैं।
- अत: विकल्प C सही है।

8. उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत में टीकाकरण कार्यक्रम को 1978 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'प्रतिरक्षा के विस्तारित कार्यक्रम' (EPI) के रूप में पेश किया गया था। 1985 में कार्यक्रम को 'सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम (UIP) के रूप में संशोधित किया गया था।
- इस मिशन के तहत 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ (Vaccine-Preventable Diseases- VPD) के खिलाफ टीकाकरण शामिल है जिनमें डिफ्थीरिया (Diphtheria), काली खाँसी (Whooping Cough), टेटनस (Tetanus), पोलियो (Polio), क्षय (Tuberculosis), हेपेटाइटिस-बी (Hepatitis B), मैनिन्जाइटिस (Meningitis), निमोनिया (Pneumonia), हेमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी संक्रमण (Haemophilus Influenzae Type B Infections), जापानी एनसेफेलाइटिस(Japanese Encephalitis), रोटावायरस वैक्सीन (Rotavirus Vaccine), न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (Pneumococcal Conjugate Vaccine) और खसरा-रूबेला (Measles-Rubella) शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- टीकाकरण कार्यक्रम दिसंबर 2014 में "मिशन इंद्रधनुष" के रूप में शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही है।

सघन मिशन इंद्रधनुष (IMI)

- टीकाकरण कार्यक्रम को और तेज़ करने के लिये दो वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे और उन सभी गर्भवती महिलाओं तक पहुँचने के लिये 8 अक्तूबर, 2017 को सघन मिशन इंद्रधनुष (IMI) शुरू किया गया था, जिन्हें नियमित टीकाकरण कार्यक्रम/ UIP के तहत छोड़ दिया गया था।
- सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 भारत में पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होने वाली मौतों में और उनमे कमी लाने तथा वर्ष 2030 तक रोके जा सकने वाले बच्चों की मृत्यु को समाप्त करने के सतत् विकास लक्ष्य को प्राप्त करने का अवसर है।
- भारत ने सघन मिशन इंद्रधनुष 3.0 जैसे कैच-अप कार्यक्रम शुरू करके अपने आपको और पीछे होने से रोका, जिसने वर्ष 2021 में पहली खुराक छोड़ने वाले बच्चों की संख्या को 3 मिलियन से 2.7 मिलियन तक कम करने में मदद की, जबकि वर्ष 2019 की तुलना में 1.4 मिलियन बच्चों को पहली खुराक नहीं मिली थी।

नोट :

- भारत ने नियमित टीकाकरण सेवाओं की शीघ्र बहाली के साथ-साथ साक्ष्य-आधारित कैच-अप कार्यक्रमों द्वारा कवरेज में गिरावट को प्रभावी ढंग से टाला, जिसने इसे नियमित टीकाकरण कवरेज में गिरावट से बचने में सक्षम बनाया।
- भारत ने टीकाकरण से चूक गई हर गर्भवती महिला और बच्चे का टीकाकरण करने के उद्देश्य से फरवरी 2022 में सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 भी शुरू किया। अत: कथन 3 सही है।

9. उत्तर: A

व्याख्या:

- परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG) की स्थापना वर्ष 1974 में भारत के परमाणु परीक्षण के प्रतिक्रियास्वरूप किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- भारत NSG का सदस्य नहीं है।
- भारत NSG का सदस्य बनने का इच्छुक है क्योंकि वह अपने परमाणु ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय विस्तार और अपने निर्यात बाज़ार का विस्तार करना चाहता है।
- परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (एनएसजी) 48 देशों का समूह है। इसका लक्ष्य परमाणु सामग्री, तकनीक एवं उपकरणों के निर्यात को नियंत्रित करना है। परमाणु हथियार बनाने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री की आपूर्ति से लेकर नियंत्रण तक सभी इसके दायरे में आते हैं।
- अत: कथन 2 सही नहीं है।

10. उत्तर: C

व्याख्या:

- यह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक पहल है और नीति आयोग द्वारा शुरू नहीं की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सघन मिशन इंद्रधनुष विश्व स्तर पर सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम है जहाँ यह सालाना तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और 2.6 करोड़ बच्चों को सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के माध्यम से कवर करता है। अत: कथन 2 सही है।
- सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के एक हिस्से के रूप में, यह 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण प्रदान करके बच्चों और गर्भवती महिलाओं में मृत्यु दर और रुग्णता को रोकता है, लेकिन इसमें कोविड -19 वैक्सीन शामिल नहीं है, इसलिए कथन 3 सही नहीं है।

11. उत्तर: D

व्याख्या:

DIGI यात्रा:

- 'डिजी यात्रा' नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा समन्वित एक पहल है। अत: कथन 1 सही है।
- डिजी यात्रा हवाई अड्डों पर यात्रियों के लिये डिजिटल प्रक्रिया है। चेक प्वाइंट पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर यात्रियों को स्वचालित रूप से संसाधित किया जाएगा जैसे; एंट्री पॉइंट चेक, एंट्री इन टू सिक्योरिटी चेक, एयरक्राफ्ट बोर्डिंग, इसके अतिरिक्त पैक्स और डेटा रिकॉल की पहचान के लिये चेहरे की पहचान का उपयोग करके सेल्फ-बैग ड्रॉप, चेक-इन की भी सुविधा होगी। डिजी यात्रा कागज़ रहित यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी और कई बिंदुओं पर पहचान जाँच से बचेगी।
- डिजी यात्रा प्लेटफॉर्म 4 प्रमुख स्तंभों पर बनाया जाएगा, जैसे कनेक्टेड पैसेंजर्स, कनेक्टेड एयरपोर्ट्स, कनेक्टेड फ्लाइंग और कनेक्टेड सिस्टम जिन्हें यात्रियों के लिये समय के साथ संभव बनाया जा सकता हैं: अत: कथन 2 सही है।
- टिकट बुकिंग के समय, मूल्य प्रवृत्तियों की पहचान करके और भविष्य के हवाई किराए का अनुमान लगाकर उनकी यात्राओं की कुशलता से योजना बनाना।
- उन्नत बॉयोमीट्रिक सुरक्षा समाधानों के कारण वॉक-थ्रू सुरक्षा स्कैनर।
- यह एक विकेंद्रीकृत मोबाइल वॉलेट-आधारित पहचान प्रबंधन मंच प्रदान करता है जो कि लागत प्रभावी है और डिजी यात्रा के कार्यान्वयन में गोपनीयता/डेटा सुरक्षा मुद्दों को संबोधित करता है।

- डिजी यात्रा फाउंडेशन:
- इसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत 2019 में एक संयुक्त उद्यम (JV) कंपनी के रूप में स्थापित किया गया है।
- फाउंडेशन का गठन डिजी यात्रा सेंट्रल इकोसिस्टम (DYCE) बनाने के उद्देश्य से किया गया था।
- डिजी यात्रा फाउंडेशन एक अखिल भारतीय इकाई और यात्री आईडी सत्यापन प्रक्रिया का संरक्षक होगा।
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) उन हवाई अड्डों की पहचान करेगा जहाँ डिजी यात्रा चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी।

12. उत्तर: D

व्याख्या:

## भारत में वनाग्नि की घटनाएँ

- पिछले दो दशकों में वनाग्नि में दस गुना वृद्धि हुई है और 62% से अधिक भारतीय राज्य उच्च तीव्रता वाले वनाग्नि से ग्रस्त हैं। अत: कथन 1 सही है।
- जलवायु में तेज़ी से बदलाव के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र उच्च तीव्रता वाले वनाग्नि की घटनाओं के लिये सबसे अधिक प्रवण हैं। अत: कथन 3 सही है।
- मिज़ोरम में पिछले दो दशकों में सबसे अधिक वनाग्नि की घटनाएँ हुई हैं, इसके 95% से अधिक ज़िले वनाग्नि के लिये हॉटस्पॉट हैं। अत: कथन 2 सही है।
- जो ज़िले पहले बाढ़ प्रवण थे, वे अब जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप "स्वैपिंग ट्रेंड" की वजह से सूखा प्रवण बन गए हैं।
- 75% से अधिक भारतीय ज़िले चरम जलवायु घटना के हॉटस्पॉट हैं और 30% से अधिक ज़िले अत्यधिक वनाग्नि वाले हॉटस्पॉट हैं।
- उठाए गए कदम:
  - वनाग्नि के लिये राष्ट्रीय कार्ययोजना (NAPFF), 2018 को वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लक्ष्य के साथ जंगल के किनारे रह रहे समुदायों को सूचित, सक्षम और सशक्त बनाने तथा उन्हें राज्य वन विभागों से सहयोग के लिये प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किया गया था।
  - वनाग्नि निवारण और प्रबंधन योजना (FPM) एकमात्र सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है जो वनाग्नि से निपटने में राज्यों की सहायता के लिये समर्पित है।

13. उत्तर: C

व्याख्या:

इको-सेंसिटिव ज़ोन (ESZ)

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2002-2016) ने निर्धारित किया कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत राज्य सरकारों को राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों की सीमाओं के 10 किमी. के भीतर आने वाली भूमि को इको सेंसिटिव ज़ोन या पर्यावरण संवेदी क्षेत्र (ESZ) घोषित करना चाहिये।
  - हालाँकि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 में "इको-सेंसिटिव ज़ोन" शब्द का उल्लेख नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - अधिनियम की धारा 3(2)(v) में कहा गया है कि केंद्र सरकार उन क्षेत्रों को प्रतिबंधित कर सकती है जिनमें कोई उद्योग, संचालन या प्रक्रिया नहीं की जाएगी या कुछ सुरक्षा उपायों के अधीन किया जाएगा।
    - इस अधिनियम की धारा 5 (1) के अलावा केंद्र सरकार उद्योगों के स्थान को प्रतिबंधित कर सकती है और कुछ कार्यों या प्रक्रियाओं को किसी क्षेत्र की जैविक विविधता, प्रदूषकों की एकाग्रता की अधिकतम स्वीकार्य सीमा जैसे विचारों के आधार पर कर सकती है।
- सरकार द्वारा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों या पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्रों (EFA) को घोषित करने के लिये उपरोक्त दो खंडों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया है।
- जबकि 10 किमी. के नियम को एक सामान्य सिद्धांत के रूप में लागू किया जाता है, इसके आवेदन की सीमा भिन्न हो सकती है।

- वन्यजीव अभयारण्यों की सीमाओ से 10 किमी. से अधिक के क्षेत्रों को भी केंद्र सरकार द्वारा ESZ के रूप में अधिसूचित किया जा सकता है, यदि वे पारिस्थितिक रूप से महत्त्वपूर्ण "संवेदनशील गलियारे" हैं।
- ESZs को संरक्षित क्षेत्रों के लिये "शॉक एब्जॉर्बर" के रूप में बनाया गया है ताकि आस-पास होने वाली कुछ मानवीय गतिविधियों के "कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र" पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सके। पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र चारों ओर एक समान नहीं हो सकते हैं।

14. उत्तर: D

व्याख्या:

- वाराणसी को वर्ष 2022-23 के लिये SCO क्षेत्र की पहली "पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी" के रूप में चुना गया है।
  - सदस्य राज्यों के बीच लोगों से लोगों के संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये एक नई घूर्णन पहल के तहत वाराणसी की "सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी" का निर्णय लिया गया है।
  - प्रत्येक वर्ष एक सदस्य देश की सांस्कृतिक विरासत का शहर जो संगठन की घूर्णन अध्यक्षता को संभालेगा, उसे इसकी प्रमुखता को उजागर करने के लिये उपाधि मिलेगी।
  - नई पहल समरकंद शिखर सम्मेलन के बाद लागू होगी जिसके बाद भारत अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेगा और अगले राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। अत: विकल्प 1 सही है।
- कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान, सदस्य देश हैं तुर्कमेनिस्तान SCOका सदस्य नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- SCO के उद्देश्य:
  - सदस्य देशों के मध्य परस्पर विश्वास तथा सद्भाव को मज़बूत करना।
  - राजनैतिक, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, अनुसंधान व प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति के क्षेत्र में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देना।
  - शिक्षा, ऊर्जा, परिवहन, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाना।
  - संबंधित क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व स्थिरता बनाए रखना।
  - लोकतांत्रिक, निष्पक्ष एवं तर्कसंगत नव-अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक व आर्थिक व्यवस्था की स्थापना करना। अत: कथन 3 सही है।

15. उत्तर: D

व्याख्या:

- इसे एक ऐसे ग्राहक के रूप में चित्रित किया जाएगा जो उपभोक्ताओं के रूप में अपने अधिकारों के बारे में जागरूक है और अपनी समस्याओं का जवाब मांग रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह विभिन्न सरकारी पहलों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता का विस्तार करने में मदद करेगा जैसे:
  - उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधान
  - हॉलमार्किंग
  - राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1915
  - वज़न और माप अधिनियम के प्रावधान
  - केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के निर्णय
  - शिकायत निवारण पर उपभोक्ताओं द्वारा प्रशंसापत्र
- उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जागृति शुभंकर पेश किया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कई मीडिया अभियानों में इसे "जागो ग्राहक जागो" के नारे के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

नोट :

16. उत्तर: B

व्याख्या:

- साक्ष्य के आधार पर यूनानी दार्शनिक की मौजूदगी लगभग 570-490 ईसा पूर्व में मानी जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पाइथागोरस प्रमेय गणित से संबंधित है, इथागोरस प्रमेय एक समकोण त्रिभुज की तीन भुजाओं को जोड़ने वाले संबंध का वर्णन करता है (जिसमें एक कोण 90° का होता है)।
- a2 + b2 = c2
- यदि एक समकोण त्रिभुज की कोई दो भुजाएँ ज्ञात हैं, तो प्रमेय आपको तीसरी भुजा की गणना करने में मदद करता है। अत: कथन 2 सही है।
- इसके अलावा उन्होंने इटली में गुप्त समाज की भी स्थापना की। अत: कथन 3 सही है।

17. उत्तर: B

व्याख्या:

## रिवर्स करेंसी वॉर:

- अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की आक्रामक रूप से ब्याज़ दरें बढ़ाने की कार्रवाई का एक दूसरा पहलू यह है कि अमेरिका में निवेश करने के लिये अधिक-से-अधिक निवेशक आकर्षित हो रहे हैं।
  - इसने बदले में डॉलर को अन्य सभी मुद्राओं की तुलना में मज़बूत बना दिया है क्योंकि येन, यूरो, युआन आदि की तुलना में डॉलर की अधिक मांग है।
- डॉलर के मुकाबले अन्य देशों की स्थानीय मुद्रा की सापेक्ष कमज़ोरी उनके निर्यात को और अधिक प्रतिस्पर्द्धी बनाती है।
  - उदाहरण के लिये चीनी या भारतीय निर्यातक को अधिक बढ़ावा मिलता है।
